कार्यालय
ग्राम पंचायत पिछलीहार

डाकघर–फोजल त0–कुल्लू जि0–कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)
(ग्राम सभा में पारित)

अध्यक्षता प्रधानः– श्री कालू राम उपस्थित सदस्य 282 / 435
प्रस्ताव संख्या 13 दिनांकः–27 / 08 / 2018

**विषयः– पराड़ी पॉवर प्राईवेट लिमिटेड (2.0MW) पराड़ी के सम्वन्ध में अनापति प्रमाण वारे प्रस्ताव**

सर्वसम्मति से ग्राम सभा वैठक में यह प्रस्ताव पारा हुआ है कि ग्राम पंचायत पिछलीहार के अन्तगर्त क्षेत्र मंझलावन एवं पराडी में पराडी पॉवर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा (2.0 MW) का विद्युत पॉवर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य आरम्भ किया जाना है जिस के सन्दर्भ में लिखित प्रोजेक्ट को (FRC) वन अधिकार समिति से दावा भी पारित है। ग्राम सभा वैठक में गहन चर्चा के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सम्वन्धित भूमि (मझलावन में 0.13.91 है0) व (पराड़ी मुहाल में 0.23.75 है0) कुल भूमि 0-37-66 है0 में प्रोजेक्ट कार्य निर्माण हेतू अनापति जताते हुए सहमति प्रदान की जाती है परन्तु इस निर्माण कार्य से यहाँ के स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया व स्थानीय ग्रामीणों के हक–हकूक तथा मानवाधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए अन्यथा अनापति को ग्राम सभा रदद करने का पूर्ण अधिकार रखेगी। ग्राम सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रभावित वन क्षेत्र में नए सिरे से वृक्षारोपण व भूमि कटाव की रोकथाम सम्वन्धित प्रोजेक्ट द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

अतः ग्राम सभा पिछलीहार अनुसुचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता ) अधिनियम 2006 की अनुपालना करते हुए सम्वन्धित पराडी पॉवर प्राईवेट लिमिटेड (2.0MW) पराड़ी के द्वारा प्रोजेक्ट निर्माण कार्य की अनापति जारी करती है।

प्रधान ग्राम पंचायत पिछलीहार

हस्ताक्षर..........
दिनांक..........

प्रमाणित किया जाता है कि नकल प्रस्ताव असल है।

Secretary
Gram Panchayat Pichhlihar
Dev. Block Naggar Kullu (H.P.)